## गुस्ताखी माफ



लापरवाही हो गई, कैसे अबकी बार।
रिश्वत कितनी बार ली, बड़े तजुबेर्कार।
बड़े तजुबेर्कार, कहो पटवारी बाबू।
विजीलेंस ने करा, रंगे हाथों क्यों काबू।
कह साहिल कविराय, गुजारी लाइफ शाही।
कैसे अबकी बार, हो गई लापरवाही।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 98 | SUNDAY 19-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# कैबिनेट मंत्री पर ED शिकंजा: तीसरे कारोबारी तक पहुंची जांच, कई ठिकानों पर कार्रवाई जारी, दिन भर चर्चाएं रही गर्म : कई करीबियों की उडी नीदें

लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। दिल्ली इंफॉरवमेन्ट डिपार्टमेंट (ईडी) के नेतृत्व में पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा और उनके पार्टनर हेमंत सूद, जालंधर के चंद्रशेखर अग्रवाल के पंजाब स्थित ठिकानों पर हुई रेड करीब 29 घंटे बाद खत्म हो गई। शनिवार सुबह करीब 11 बजे लुधियाना और जालंधर के ठिकानों पर खत्म कर दी गई। मगर पंजाब से बाहर ग्रुरुग्राम एवं अन्य ठिकानों पर कार्रवाई जारी रही ।

चर्चा है कि इस रेड के दौरान टीम को कई अहम जानकारी मिली जिससे मामले में नया ट्विस्ट आया, शनिवार दोपहर ईडी टीम ने फाइनैंसर कारोबारी हेमंत सूद के करीबी दोस्त नीरज सतीजा की मॉडल टाउन रिहायश पर भी रेड कर दी। खबर लिखें जाने तक कार्रवाई जारी रही। बता दें कि ईडी की और से मंत्री संजीव अरोड़ा, हेमंत सूद और चंद्रशेखर अग्रवाल लुधियाना, जालंधर, गुरुग्राम और चंडीगढ़ में कुल 13 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की थी।

**मंत्री अरोड़ा को उलझना चाहते है पंजाब भाजपाई...**चर्चा है की मंत्री संजीव अरोड़ा ने सिर्फ 4 साल के राजनितिक करियर में पॉजिटिव ट्रेंड से राजनीती और समाज में जो मुकाम हांसिल किया है उसके सामने पंजाब ही नहीं देश की राजनीती के कई धुरंधर भी बोने नजर आ रहे है। चर्चा है की मंत्री अरोड़ा के जोश एवं स्पीड का कोई विल्कप ना मिलने के कारण कुछ छूट भइए नेताओं ने हाईकमान के समझ झूठे प्रोपोगंडा अपनाते हुए मंत्री अरोड़ा को उलझाने एवं आगामी 2027 चुनावों में स्पीड नियंत्रण करने के लिए सारा खेल रचा है। चर्चा अनुसार कार्यवाही का उद्देश्य मंत्री को चुनावों तक व्यस्त रखना है।

**हेमंत के साथ सतीजा की लंबे समय से दोस्ती...**जानकारी के अनुसार नीरज सतीजा फार्मास्युटिकल कंपनी के सीईओ हैं। वह हेमंत सूद के काफी विश्वसनीय दोस्त हैं। चर्चा है कि जब हेमंत सफल कारोबारी नहीं थे, तब से नीरज उनके साथ है। वहीं हेमंत के चलते नीरज की मंत्री संजीव अरोड़ा से भी नियमित मुलाकत में रहते है। चर्चा है कि दोनों की एका दुका प्रॉपर्टियों में हिस्सेदारी है।




कारोबारी नीरज सतीजा के घर पर ईडी की टीम जांच करने पहुंची।



मंत्री संजीव अरोड़ा



कारोबारी हेमंत सूद



कारोबारी नीरज सतीजा



कारोबारी चंद्रशेखर अग्रवाल

**आप नेताओं को बनाया जा रहा निशाना : केजरीवाल ...**आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने कहा- आप के नेता के यहां 3 दिन में ये दूसरी ईडी की रेड है। क्या प्रधानमंत्री बताएंगे कि अभी तक आप नेताओं के यहां जो इतनी सारी अनगिनत रेड की हैं, उनमे कितना काला पैसा मिला ? एक रुपया भी मिला? पूरा देश देख रहा है कि आप (भाजपा) केवल सत्ता के लिए कितनी ओछी राजनीति कर रहे हैं।



**न्यूज एजेंसी ने लगाए गंभीर आरोप ,लेकिन ईडी की पुष्टि नहीं...**देश की प्रमुख न्यूज एजंसी अठकने ऑफिशियलस के हवाले से मंत्री अरोड़ा पर हुई कार्यवाही का मुख्य आधार जालंधर के कारोबारी चंद्र शेखर अग्रवाल का हवाला और सट्टेबाजी से कमाया पैसा रियल एस्टेट कारोबार में खपाने को बताया है। हलांकि ईडी ने स्वयं इस मामले की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

**आखिर क्यों पहुंचे तीसरे कारोबारी के घर?...**चर्चा है कि जांच के दौरान ईडी टीम में ऐसा क्या लगा की दोनों कारोबारियों के स्थानीय ठिकानों पर रेड खत्म होते ही ईडी टीमें मॉडल टाउन निवासी नीरज सतीजा के निवास पर पहुंच गई । लेकिन सतीजा के ठिकानों पर कार्यवाही से हेमंत सूद के अन्य पार्टनरों में बेचैनी का माहौल की चचाएं गर्म रही। आगामी दिनों में कई और लोग भी इस जांच के घेरे में शामिल किए जा सकते हैं।

**सीएम व मंत्री विदेशी दौरे पर...**इन्वेस्ट पंजाब के तहत पंजाब सरकार द्वारा यूरोप में कई मीटिंगें आयोजित की गई है। मंत्री संजीव अरोड़ा उन मीटिंगों में हिस्सा लेने के लिए वीरवार को ही रवाना हो गए थे। वहीं सीएम भगवंत मान शनिवार को यूरोप दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। उनकी और से पंजाब में इंडस्ट्री बढ़ाने के लिए विदेशी कंपनियों के साथ मीटिंगें की जा रही है।

**बिट्टू की ग्सब फडे जानगे : की पोस्ट वायरल करते रहे लोग...**केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा सब फड़े जानगें की एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर की गई थी। कारोबारी नीरज सतीजा पर रेड के बाद लोगों द्वारा बिट्टू की पोस्ट को वायरल किया जा रहा है। लोगों अब कयास लगते हुए अन्य करीबियों एवं पार्टनरों के नाम भी उछाल रहे है जिसकारण दिन भर लोग एक दूसरे को संपर्क करते रहे।






# चंडीगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया को बड़ी राहत, एफएआर बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। शहर के औद्योगिक क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 और फेज-2 में फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) को 0.75 से बढ़ाकर 2 करने के प्रस्ताव को 11 सदस्यीय समिति ने मंजूरी दे दी है। इससे उद्योगों को अपने प्लॉट पर पहले की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक निर्माण क्षेत्र विकसित करने का अवसर मिलेगा। यह प्रस्ताव अब अंतिम स्वीकृति के लिए यूटी प्रशासक के पास भेजा गया है। इसके बाद इसे केंद्रीय गृह मंत्रालय की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि संशोधित नियम जून 2026 तक लागू कर दिए जाएं।



## लंबे समय से थी मांग

उद्योग प्रतिनिधि लंबे समय से एफएआर बढ़ाने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि पड़ोसी शहर मोहाली और पंचकूला में एफएआर 2 से 3 के बीच होने के कारण चंडीगढ़ का औद्योगिक क्षेत्र प्रतिस्पर्धा में पीछे रह रहा था।

## फेज-3 के लिए भी बड़ा प्लान

प्रशासन ने आगामी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-3 में एफएआर को 2.5 से बढ़ाकर 3 करने का प्रस्ताव भी रखा है। साथ ही फेज-1 और फेज-2 में वर्तमान दो मंजिलों की सीमा को बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है।

## उद्योगों को कैसे होगा फायदा

मौजूदा नियमों के तहत 1,000 वर्ग गज के प्लॉट पर केवल 750 वर्ग गज तक निर्माण की अनुमति है। नए प्रस्ताव के लागू होने के बाद इसी प्लॉट पर 2,000 वर्ग गज तक निर्माण संभव होगा। इससे उद्योगों को अतिरिक्त मंजिलें बनाने, उत्पादन क्षमता बढ़ाने और जगह का बेहतर उपयोग करने का मौका मिलेगा। प्रशासन के अनुसार एफएआर बढ़ने से औद्योगिक प्लॉटों की व्यावसायिक उपयोगिता भी बढ़ेगी। उद्योगपति अपने अतिरिक्त स्थान को किराये पर देकर आय अर्जित कर सकेंगे, जबकि समान जमीन पर अधिक उत्पादन भी संभव होगा।

## रोजगार और निवेश को बढ़ावा

चंडीगढ़ के औद्योगिक क्षेत्रों में करीब 3,500 औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं, जिनमें लगभग 24,000 लोग कार्यरत हैं। एफएआर में वृद्धि से न केवल मौजूदा इकाइयों के विस्तार का रास्ता खुलेगा, बल्कि नए निवेश और रोजगार के अवसर भी बढ़ने की उम्मीद है।

# नशे के साइड इफैक्ट्स : नपुंसकता, बांझपन और तलाक के मामले बढ़े



अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। दिन प्रतिदिन बढ़ते नशों ने पंजाब की जवानी को बर्बाद करके रख दिया है आज बुजुर्ग क्या युवा और बच्चे भी विभिन्न प्रकार के नशों में लिप्त हो गए हैं। हालात पहले से इतने बिगड़ चुके हैं कि बढ़ती नशा खोरी के कारण नपुंसकता तलाक और बांझपन के मामले काफी बढ़ गए हैं पिछली सरकार में इस दिशा में गंभीर होकर कुछ नहीं किया वर्तमान सरकार की और अब लोग उम्मीद के साथ देख रहे हैं जिसमें अन्य नशो के साथ-साथ चिट्टे का बहुत बड़ा रोल है। यह नशो का दौर आज सामने नहीं आया बल्कि 1971 के बाद जब पाकिस्तान ने युद्ध हारा तो उसने देखा कि पंजाबियों को हराना आसान नहीं है, इसलिए सरहदी इलाके की जवानी को बर्बाद करने के लिए नशो का तीर चलाया गया। 1971 के युद्ध के बाद जब शांति का माहौल बना तो राज्य में जमीनों की कीमतें बढ़ने लगीं। लोगों में संपन्नता आई तो दूध-दही, लस्सी, देसी घी और अनाज की भरपूरता के बीच नए-नए शौक युवाओं में पनपने लगे। बाहर से नशा प्रदेश में आने लगा नशे के काले नाग ने अपना फन उठाया और जवानों को डसने लगा।

जानकार लोग मैडीकल नशे की ओर परंपरागत नशे के अलावा सस्ते नशो की और आकर्षित होने लगे। बढ़ती नशाखोरी को देखकर पिछली सरकारों ने राज्य में एन.डी.पी.एस. एक्ट लागू किया जिसके तहत 100 से अधिक दवाइयों को विना डॉक्टर के पर्चे के बिकने पर रोक लगा दी परंतु दूसरी ओर नशा तस्करों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जब लोग सड़कों पर मरने लगे तो सिरिंज विकने पर भी रोक लगा दी गई परंतु इसका एक और नुक्सान हुआ।अब एक ही सूई के इस्तेमाल से एच.आई.वी. एड्स के मामले बढ़ने लगे जिसने सरकार की चिंताएं और बढ़ा दी।

## पहले शौक, फिर सोहबत, फिर आदत बना देती है नशेड़ी

नशेड़ी वनने की क्रिया में पहले व्यक्ति सिगरेट शराब का सेवन शौक में शुरू करता है। फिर सोहबत में यदा-कदा दूसरे नशे का सेवन शुरू हो जाता है नशे की आदत बनने के बाद जब आर्थिक तंगी आती है तो नशेड़ी दवाइयों आदि का गलत इस्तेमाल कर नशा पूर्ति करता है और धीरे-धीरे नशा करने वालों के संपर्क करता है और इसकी गिरफ्त में फंस में आने से चिट्टे का शौकिया सेवन जाता है सिंथेटिक नशों का कारोबार करने वाले पहले ही ऐसे नशेड़ियों की तलाश में रहते हैं जिन्हें वे अपना शिकार बना सके।

# बिल्डिंग मालिक ने ब्यूटीशियन कोर्स कंपनी के मालिक पर लगाए गंभीर आरोप, पुलिस को दी शिकायत

लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। भारत नगर चौक स्थित एक इमारत को लेकर कुछ दिन पहले हुए विवाद की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। उस संबंधी घुमारमंडी में इमारत के मालिक योगेश खोसला, उनके साथी इंद्रजीत सिंह गोला और एडवोकेट गगनप्रीत सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान योगेश खोसला ने बताया कि वह कई वर्षों से इस इमारत के मालिक हैं। इमारत की तीसरी मंजिल एक ब्यूटीशियन कोर्स कराने वाली कंपनी ने खरीदी है, जबकि बाकी पांच मंजिलें उनकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि तीसरी मंजिल का मालिक अक्सर किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा करता रहता है और कभी नीचे की मंजिल पर तो कभी इमारत की छत पर अपनी कंपनी के पोस्टर लगाता रहता है। पहले भी इस मामले में विवाद हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करवाया था। समझौते के अनुसार तीसरी मंजिल का मालिक नीचे की मंजिलों पर पोस्टर नहीं लगाएगा और न ही अपना जनरेटर नीचे रखेगा। इसके बावजूद, तीसरी मंजिल के मालिक ने नीचे की मंजिल का ताला तोड़ा और बदसलूकी की। योगेश खोसला ने इस संबंध में थाना डिवीजन नंबर 5 में शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने न्याय की मांग की है। इस मौके पर वकील अनमोल सिंह, विनोद कुमार, हरविंदर सिंह, कपिल खरबंदा, हनी मक्कड़, मीनू खरबंदा, अंकुश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे। दूसरी ओर, इस मामले संबंधी दूसरे पक्ष के ज्ञान सिंह से बात की गई तो उन्होंने सभी आरोपों को गलत बताया। उन्होंने किसी का ताला नहीं तोड़ा।



# महिला आरक्षण पर सियासत तेज, तरुण चुग का कांग्रेस और INDI गठबंधन पर हमला

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री Tarun Chugh ने कांग्रेस-नेतृत्व वाले INDI गठबंधन और अें Aadmi Party पर महिला आरक्षण मुद्दे को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में 16 और 17 अप्रैल को हुई घटनाएं देश की करीब 70 करोड़ महिलाओं के साथ 'विश्वासघात' हैं।

चुग ने कहा कि Narendra Modi सरकार द्वारा लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, लेकिन Indian National Congress और उसके सहयोगियों ने इसे लागू करने में बाधा डाली।

उन्होंने पंजाब के 13 सांसदों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने अपने ही प्रदेश की महिलाओं के हितों के खिलाफ काम किया। चुग के अनुसार, परिसीमन को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम 'भ्रामक और राजनीतिक' है, जबकि यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। चुग ने कांग्रेस और अअढ पर महिलाओं के सशक्तिकरण को केवल राजनीतिक मुद्दा बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और भविष्य में ऐसे मुद्दों पर राजनीतिक दलों को जवाब देंगी।

लुधियाना

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 रविवार, 19 अप्रैल 2026




पेज 06 भगवान परशुराम जयंती पर निकाली गई विशाल ...

## संस्थाओं में पदों को लेकर आए दिन आपस में लड़ने वाला जैन समाज : अब 60 लाख की ठगी मामले में पुलिस प्रशासन पर उठा रहे सवाल

लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। हैबोवाल स्थित एस.एस. जैन सभा के नाम पर 60 लाख रुपये की ठगी और चार सदस्यों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इस मामले में शहर की विभिन्न जैन सभाओं और संगठनों के प्रतिनिधि एकजुट हो गए हैं और उन्होंने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस मुद्दे पर समाज के प्रबुद्ध लोगों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस द्वारा कथित एकतरफा कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया।

उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े मामलों को पुलिस तक ले जाने से पहले समाज के वरिष्ठों और पंचों के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाना चाहिए था। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समाज के प्रतिनिधि स्वयं हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर सच्चाई सामने लाने की कोशिश करेंगे, ताकि आपसी संवाद के माध्यम से विवाद का समाधान निकाला जा सके और समाज की छवि को धूमिल होने से बचाया जा सके। सकल जैन समाज लुधियाना के प्रतिनिधियों ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर अपना रोष व्यक्त किया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि एस.एस. जैन सभा के प्रधान पंकज जैन और पैट्रन विशाल जैन के खिलाफ कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा झूठी एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इस संबंधी तरुण जैन बावा, एस.एस. जैन महासभा उत्तरी भारत के प्रधान प्रफुल्ल जैन की अगुवाई में बड़ी संख्या में समाजजन, युवक मंडल के प्रतिनिधि राहुल जैन (चेयरमैन), अतुल जैन (प्रधान) और महामंत्री विनय जैन ने पुलिस कमिश्नर के समक्ष पेश हुए।



### दूसरों से ठगी करने वालों के खिलाफ नहीं उठाई आवाज

श्री आत्मानंद जैन सभा के प्रधान भारत भूषण भारती पर कई बार लाखों की ठगी के आरोप लग चुके हैं। यहां तक कि उन पर वक्फ बोर्ड की जमीन की आड में अपने समाज के ही गुरुओं के साथ ठगी करने के आरोप लगे थे। लेकिन तब समाज के लोग एकत्रित नहीं हुए और न ही आवाज उठाई। वहीं सुंदर नगर में जैन संस्थान में दो गुट हैं। जिनकी ओर से एक दूसरे पर गलत से गलत आरोप लगाए गए हैं। मगर कभी इस मामले में समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा आवाज नहीं उठाई गई।

## ताजपुर रोड पर शिअद पार्षद ने ड्रग्स के साथ पकड़ी महिला, पुलिस के हवाले की

लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। संजय गांधी कॉलोनी में अकाली नेता व पार्षद चतरवीर सिंह ने लोगों के साथ मिलकर एक महिला को चिट्टे के साथ पकड़ा है। लोगों का आरोप है कि ये महिलाएं अक्सर इस एरिया में नशा बेचती हैं। पार्षद चतरवीर सिंह ने दावा किया कि उन्होंने और स्थानीय निवासियों ने मिलकर महिला को नशे के साथ पकड़ा। महिला से चिट्टे के पैकेट बरामद होने का भी दावा किया गया है। जिसके बाद महिला को थाना डिवीजन नंबर सात की पुलिस हवाले कर दिया गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि महिला खुद नशे की आदी है और वह नशा नहीं बेचती। अकाली पार्षद चतरवीर सिंह ने कहा कि संजय गांधी कॉलोनी, ताजपुर रोड व आसपास के एरिया में नशे का कारोबार सरेआम चल रहा है। नशा तस्कर महिलाओं व बच्चों का सहारा ले रहे हैं और सरेआम नशा बचे रहे हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध नशा विरुद्ध मुहिम के बावजूद इस तरह नशा बिक रहा है और अफसर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। वहीं थाना डिवीजन नंबर 7 के एसएचओ गगनदीप का कहना है कि महिला नशा करने की आदी है, वह नशा तस्कर नहीं है। एसएचओ अनुसार महिला को पकड़कर नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाया जाएगा।



## रेलवे कॉलोनियों की बदहाल हालत पर भड़का यूनियन, DRM ने किया निरीक्षण

लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन (URMU) द्वारा 15 अप्रैल 2026 से 18 अप्रैल 2026 तक अऊएठ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा रेलवे कॉलोनी नंबर 12 में स्थित आवास संख्या 396 को लेकर था, जो S&T विभाग के कर्मचारी रवी को अलॉट हुआ है, लेकिन उस पर TTE श्री सुनील बजाज द्वारा कथित रूप से अवैध कब्जा किया गया है। यूनियन ने प्रशासन से उक्त आवास को जल्द खाली करवाने की मांग उठाई। इसके अलावा यूनियन ने रेलवे कॉलोनियों में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को भी जोर-शोर से उठाया। इनमें पानी की कमी, जगह-जगह लगे कचरे के ढेर, रेलवे आवासों की खराब हालत और मरम्मत कार्य में लापरवाही जैसे मुद्दे शामिल रहे। 17 अप्रैल को कॉलोनी नंबर 8 में एक रेलवे क्वार्टर का छज्जा गिरने की घटना ने स्थिति की गंभीरता को और उजागर कर दिया। इस घटना के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आया। 18 अप्रैल को फिरोजपुर मंडल के DRM ने लुधियाना की रेलवे कॉलोनी नंबर 7 और 8 का निरीक्षण किया। इस दौरान URMU के पदाधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने कॉलोनियों की जर्जर हालत से DRM को अवगत कराया। यूनियन ने जल्द सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की है।



## नशा तस्करी पर वार : एंटी नारकोटिक्स सेल ने 8 किलो (भुक्की) सहित दो आरोपी गिरफ्तार किए, दोनों आरोपी 5 दिन के पुलिस रिमांड पर

पंचकूला/यूटर्न/18 अप्रैल। पंचकूला पुलिस के एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को एंटी नारकोटिक्स सेल पंचकूला के एएसआई परविन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ गश्त व अपराध रोकथाम के लिए क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि सुरजपुर से सुखोमाजरी बाईपास के पास एक ट्रक में दो व्यक्ति चूरा पोस्त (भुक्की) लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रक को काबू किया और उसमें सवार दो व्यक्तियों की पहचान जसपाल सिंह (उम्र 36 वर्ष, निवासी गांव किरतपुर, कालका) व तरसेम सिंह (उम्र 46 वर्ष, निवासी गांव प्रेमपुरा, कालका) के रूप में की। राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति में तलाशी ली गई। मौके पर पहुंचे ईटीओ सचिन सैहरावत (नोडल अधिकारी नडीपीएस ) की निगरानी में ट्रक की तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक कट्टे से 8 किलो 235 ग्राम चूरा पोस्त (भुक्की) बरामद हुआ।

बरामद नशीले पदार्थ को मौके पर ही सील कर कब्जे में लिया गया तथा ट्रक को भी जब्त कर लिया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना पिंजौर में धारा 15 (b) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया है कि वे यह नशीला पदार्थ राजस्थान से लेकर आए थे। इस खुलासे के आधार पर सप्लायर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा दबिश की जा रही है , आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक पंचकूला अमरिंदर सिंह ने कहा कि,ह्वपंचकूला पुलिस द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पूरे नेटवर्क को ट्रेस किया जा रहा है और सप्लायर तक पहुंचकर इस अवैध धंधे को जड़ से खत्म किया जाएगा। जिला में नशा तस्करों के लिए कोई जगह नहीं है। आमजन से अपील है कि नशा संबंधी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



# डिटेक्टिव स्टॉफ पंचकूला टीम ने अवैध पिस्टल व 2 जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार को किया गिरफ्तार, उत्तरप्रदेश से खरीदा, 2 दिन के पुलिस रिमांड पर

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/18 अप्रैल। पंचकूला पुलिस द्वारा अपराध व अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक अहम सफलता हासिल की गई है। डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला की टीम ने इंचार्ज इंस्पेक्टर निर्मल सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। दिनांक 17 अप्रैल 2026 को डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला के मुख्य सिपाही कंवरपाल अपनी टीम के साथ थाना रायपुररानी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मनदीप कुमार निवासी गांव बाक्करपुर (जिला अंबाला) अवैध हथियार सहित गांव मानकटबरा टी-प्वाइंट के पास खड़ा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिए के आधार पर संदिग्ध युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम मनदीप कुमार (उम्र 28 वर्ष) बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल व 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी हथियार रखने संबंधी कोई लाइसेंस या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।



पुलिस द्वारा बरामद हथियार व कारतूस को मौके पर ही नियमानुसार सील कर कब्जे में लिया गया तथा आरोपी के खिलाफ थाना रायपुररानी में धारा 25(1B) अ-54-59 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने यह अवैध पिस्टल करीब 5-6 महीने पहले उत्तर प्रदेश से लगभग ₹80,000 में खरीदी थी।

मामले में हथियार सप्लायर तक पहुंचने, नेटवर्क का खुलासा करने व अन्य अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा माननीय अदालत से 2 दिन के पुलिस रिमांड लिया गया है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि, ह्लपंचकूला पुलिस द्वारा अवैध हथियारों व अपराध पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। इस मामले में आरोपी से पूछताछ के आधार पर हथियार सप्लाई करने वाले नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# गुरु नानक ग्लोबल फाउंडेशन की बड़ी पहल, युवाओं और किसानों के लिए नई योजनाओं की शुरूआत

## उच्च शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और फसल सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। गुरु नानक ग्लोबल फाउंडेशन ने युवाओं को आधुनिक शिक्षा, नवाचार और वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत करने की घोषणा की है। यह संस्था गुरु नानक देव ग्लोबल विश्वविद्यालय, टेक्सास (अमेरिका) की प्रायोजक संस्था है। संस्था द्वारा शुरू की गई प्रमुख योजनाओं में उच्च शिक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीकंडक्टर तकनीक से जुड़ा कोर्स, किसानों के लिए फसल सुरक्षा योजना तथा एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन शामिल है।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शुरू किए गए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को तीन चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, सतत विकास और उद्यमिता की सोच विकसित करना है, ताकि वे समाज के लिए जिम्मेदार और प्रभावशाली नेतृत्वकर्ता बन सकें। सेमीकंडक्टर तकनीक से जुड़े कोर्स के माध्यम से युवाओं को चिप निर्माण, डिजाइन और उन्नत उत्पादन तकनीकों में दक्ष बनाया जाएगा। यह पहल देश में बढ़ती तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के




अवसर भी तैयार करेगी।

किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए फसल सुरक्षा के लिए विशेष योजना शुरू की गई है। हाल ही में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण देश के कई राज्यों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इस योजना के तहत सस्ती और पर्यावरण के अनुकूल सामग्री से ऐसे सुरक्षात्मक साधन तैयार किए जाएंगे, जो फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में सहायक होंगे। इसके साथ ही संस्था द्वारा वर्ष 2026 में भारत में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न देशों के विशेषज्ञ, उद्योग जगत से जुड़े लोग, नीति-निमार्ता और पर्यावरण क्षेत्र के जानकार भाग लेंगे। यह सम्मेलन ज्ञान के आदान-प्रदानं और सहयोग के नए अवसर प्रदान करेगा।

इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष बलजीत सिंह ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को एक सही दिशा देना और उन्हें समाज व देश के विकास में योगदान के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे प्रयास करती रहेगी, जिससे शिक्षा, नवाचार और समाज सेवा को बढ़ावा मिले। गुरु नानक ग्लोबल फाउंडेशन ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि वह मूल्य-आधारित शिक्षा और मानवता की सेवा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# आईटी पार्क थाना में नव नियुक्त थाना प्रभारी मिनी भारद्वाज का भव्य स्वागत, जनता ने जताया भरोसा



चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। आईटी पार्क थाना क्षेत्र में नव नियुक्त थाना प्रभारी मिनी भारद्वाज के स्वागत के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आयोजन युवा कांग्रेस नेता साहिल चावर और उनकी टीम की ओर से किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मिनी भारद्वाज का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। साथ ही पुलिस और आम जनता के बीच समन्वय को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष पंकज ठाकुर, आरडब्ल्यूए प्रधान सतबीर कांगड़ा, सलाहकार सुनील पार्की, राजेश रॉकी, मनोहर पर्दा तथा वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय निदेशक बलबीर भुम्बक सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### कानून व्यवस्था और सुरक्षा पर चर्चा

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने सुरक्षा, शांति और विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। लोगों ने उम्मीद जताई कि नई थाना प्रभारी अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था और महिला सुरक्षा जैसे मामलों में प्रभावी कदम उठाएंगी।

### सहयोग का भरोसा

उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि समाज व पुलिस मिलकर ही सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण बना सकते हैं। नव नियुक्त थाना प्रभारी मिनी भारद्वाज की नियुक्ति को लेकर क्षेत्र में सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है और लोगों को उनसे बेहतर पुलिसिंग की उम्मीद है।

# जीरकपुर में प्लॉट बेचने के नाम पर करोड़ों की ठगी, तीन सगे भाइयों समेत कई नामजद



जीरकपुर/यूटर्न/18 अप्रैल। ज़िला एस.ए.एस. नगर के थाना जीरकपुर क्षेत्र में प्लॉटों की खरीद-फरोख्त के नाम पर बड़े स्तर पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन सगे भाइयों समेत कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता प्रियंका पंवार और टिका गौरव चंद परिहार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने गांव भबात स्थित करीब 652 वर्ग गज जमीन में से प्लॉट नंबर 41 और 43 खरीदे थे। आरोप है कि आरोपियों ने जमीन की सही मालिकाना हक और दस्तावेज होने का भरोसा देकर उनसे करीब 1.21 करोड़ रुपये ले लिए। जांच के दौरान सामने आया कि उक्त जमीन पहले ही वर्ष 1997 में पूनम गुप्ता के नाम बेची जा चुकी थी। इसके बावजूद आरोपियों ने वर्ष 2021 में जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी (त्रछ्अ) बनवाकर 2024 में दोबारा फर्जी तरीके से बिक्री कर दी। बाद में उसी जमीन को अलग-अलग प्लॉट दिखाकर शिकायतकताओं को बेच दिया गया। पीड़ितों ने बताया कि जब उन्होंने प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू किया तो विवाद सामने आया। इसी दौरान पूनम गुप्ता ने उक्त जमीन पर अपना दावा जताया। पटवारी रिपोर्ट में भी प्लॉट की स्थिति और पुरानी रजिस्ट्री में अंतर पाया गया, जिससे धोखाधड़ी की पुष्टि होती है।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

05 रविवार, 19 अप्रैल 2026



पेज 12 रामदरबार में ड्रग नेटवर्क पर मौलीजागरां थाना..

# 2025 में भारत फिसलकर छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, तीसरे नंबर पर पहुंचने के लिए 2031 तक इंतजार करना पड़ सकता है

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में भारत दुनिया की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जो पिछले साल के मुकाबले एक पायदान नीचे है। हालांकि, देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनी हुई है। 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था का अनुमान 3.92 ट्रिलियन डॉलर डॉलर है, जो इसे यूके (4 ट्रिलियन डॉलर डॉलर) और जापान (4.44 ट्रिलियन डॉलर डॉलर) से पीछे रखता है। इस लिस्ट में यूएस 30.8 ट्रिलियन डॉलर डॉलर की जीडीपी के साथ सबसे ऊपर है, उसके बाद चीन 19.6 ट्रिलियन डॉलर डॉलर और जर्मनी 4.7 ट्रिलियन डॉलर डॉलर के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। 2024 में भारत (3.5 ट्रिलियन डॉलर डॉलर) पांचवें स्थान पर था, जो यूके (3.4 ट्रिलियन डॉलर डॉलर) से आगे था।



## भारत ने लगभग 9 प्रतिशत नॉमिनल ग्रोथ दर्ज की

रैंकिंग में यह गिरावट तब आई है, जब भारत ने इस साल रुपये के हिसाब से लगभग 9 प्रतिशत की नॉमिनल ग्रोथ दर्ज की है। हालांकि, डॉलर के मजबूत होने और नई सीरीज के तहत जीडीपी के आंकड़ों में नीचे की ओर किए गए बदलावों के कारण, डॉलर के हिसाब से भारत की जीडीपी में बढ़ोतरी की रफ़्तार धीमी हो गई है। चूंकि दुनिया भर की आर्थिक रैंकिंग डॉलर में मापी जाती है, इसलिए करेंसी की कीमत में गिरावट का भारत की स्थिति पर काफी असर पड़ा है। आईएमएफ के अनुमानों के मुताबिक, रुपया 2024 में लगभग 84.6 प्रति डॉलर से कमजोर होकर 2025 में 88.5 प्रति डॉलर तक पहुंच जाएगा, और आने वाले समय में इसमें और गिरावट आने की उम्मीद है।

## यह बढ़त धीमी क्यों हुई है?

हालाँकि भारत ने अपनी असली ग्रोथ को मजबूत बनाए रखा है, लेकिन डॉलर के मुकाबले रुपये की लगातार गिरती कीमत ने इस बढ़त के कुछ हिस्से को कम कर दिया है। आईएमएफ के डेटा से पता चलता है कि रुपये के हिसाब से भारत की जीडीपी 2024 में ₹ 318 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में ₹ 346.5 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी, लेकिन डॉलर के हिसाब से यह बढ़त कम होगी, क्योंकि रुपये की कीमत कमजोर हुई है।

## 2027 तक चौथे स्थान पर वापसी

उम्मीद है कि 2026 में भी भारत छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा, लेकिन उसके बाद इसकी रफ़्तार फिर से तेज होने का अनुमान है। 2027 तक, भारत के यूके को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। तब भारत की जीडीपी बढ़कर 4.58 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी, जबकि ब्रिटेन की जीडीपी 4.47 ट्रिलियन डॉलर रहने का अनुमान है। इसके बाद, 2028 में भारत के जापान को पीछे छोड़ने की उम्मीद है। उस समय भारत की अर्थव्यवस्था 5.06 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जबकि जापान की अर्थव्यवस्था 4.74 ट्रिलियन डॉलर रहने का अनुमान है। इस तरह, नॉमिनल आधार पर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

## फिर भी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज

रैंकिंग में बदलाव के बावजूद, भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। यह उन कुछ बड़े देशों में से एक है, जिनके बारे में उम्मीद है कि वे आने वाले कुछ सालों तक लगातार 6 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ेंगे। 2030 तक, भारत की अर्थव्यवस्था 6.17 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। इससे जर्मनी के साथ उसका अंतर कम हो जाएगा, और उसके बाद वह दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में पक्के तौर पर शामिल हो जाएगा। अमेरिकी अर्थव्यवस्था 39 ट्रिलियन डॉलर के आकार के साथ पहले स्थान पर बनी रहेगी, जबकि चीनी अर्थव्यवस्था 27.5 ट्रिलियन डॉलर के साथ उसके पीछे रहेगी।

# सेक्टर-49 थाना पुलिस ने स्नैच्चिंग मामले में महिला आरोपी को दबोचा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। शहर में स्नैचरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंडीगढ़ पुलिस के सेक्टर-49 थाना पुलिस ने स्नैचिंग मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से शिकायतकर्ता का पर्स, दस्तावेज और नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी की पहचान कोमल (26) निवासी अड्डा भंथर, उन्नाव, उत्तर प्रदेश हाल निवासी बुरैल, चंडीगढ़ के रूप में की है। कार्रवाई थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शेर सिंह के नेतृत्व में की गई।

ऐसे हुई वारदात...पुलिस के अनुसार मामला



17 अप्रैल 2026 को दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता पिंकू कुमार ने बताया कि वह जगतपुरा से सेक्टर-46 जा रहा था। जब वह सेक्टर-48 बस स्टॉप के पास पहुंचा, तभी एक महिला और दो युवक उसके पास आए और पता पूछने लगे। इसी दौरान महिला ने पीछे खड़े होकर उसकी जेब से पर्स निकाल लिया, जबकि दोनों युवकों ने उसका मोबाइल फोन और चांदी का लॉकेट छीन लिया। वारदात के बाद तीनों आरोपी सेक्टर-48 के जंगल की ओर फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस ने महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से शिकायतकर्ता का काला पर्स बरामद हुआ, जिसमें पैन कार्ड, आधार कार्ड, विजिटिंग कार्ड और 200 रुपये नकद थे। बरामद सामान को पुलिस ने कब्जे में लेकर मालखाने में जमा करवा दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी तीन लोगों के गैंग का हिस्सा है, जिन्होंने सेक्टर-50 के जंगल में अस्थायी झोपड़ी बना रखी थी।

# 23 अप्रैल को यूटी सचिवालय पर शिक्षकों का धरना, लंबित मांगों पर प्रशासन को चेतावनी

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। जॉइंट एक्शन कमेटी ऑफ टीचर्स, यूटी चंडीगढ़ ने शिक्षकों की लंबित मांगों के समाधान में हो रही देरी के विरोध में 23 अप्रैल 2026 को दोपहर 3 बजे यूटी सचिवालय पार्किंग, सेक्टर-9 में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यूनियन ने कहा कि प्रशासन को कई बार ज्ञापन देने और आश्वासन मिलने के बावजूद शिक्षकों के सेवा संबंधी महत्वपूर्ण मामले अब तक लंबित हैं, जिससे शिक्षकों में आर्थिक परेशानी, असंतोष और भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। यूनियन ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत वोकेशनल शिक्षकों की तुरंत जॉइनिंग, जुलाई 2025 से लंबित 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी करने, यूटी कैडर शिक्षकों को हाफ-पे लीव देने, गेस्ट व कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों का नियमितीकरण, सभी वर्गों की पदोन्नति, आकस्मिक छुट्टियों में वृद्धि, CGHS कार्ड जारी करने, कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू और बकाया वेतन जारी करने की मांग उठाई है। यूनियन ने आरोप लगाया कि शिक्षकों से जुड़े मामलों की फाइलें अनावश्यक आपत्तियों के कारण रोकी जा रही हैं, जिससे स्कूलों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। यूनियन ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक होगा तथा प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।


# बलटाना धाम में खाटू श्याम मंदिर का स्थापना दिवस, 19 अप्रैल को भव्य भजन संध्या व भंडारा

## पहली वर्षगांठ पर फूलों से सजेगा दरबार, आरती खन्ना के भजनों से गूंजेगा रामलीला ग्राउंड



जीरकपुर/यूटर्न/18 अप्रैल। बलटाना धाम स्थित श्री सनातन धर्म खाटू श्याम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। इस पावन अवसर पर 19 अप्रैल 2026 को शाम 6 बजे रामलीला ग्राउंड में भव्य भजन कीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम को लेकर वार्ड नंबर-5 की पार्षद नेहा शर्मा के कार्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंदिर कमेटी, मुख्य ट्रस्टी, चेयरपर्सन और बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नेहा शर्मा ने बताया कि इस बार आयोजन को पहले से अधिक भव्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बाबा श्याम का दरबार फूलों के आकर्षक श्रृंगार से सजाया जाएगा और 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी की जाएगी। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका आरती खन्ना अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे और शुद्ध मिनरल वाटर की विशेष व्यवस्था की जाएगी। नेहा शर्मा ने जानकारी दी कि उनके नेतृत्व में पिछले दो वर्षों में करीब 11 भव्य भजन कीर्तन और भंडारों का आयोजन किया जा चुका है। पिछले वर्ष बलटाना में पहली बार नगर कीर्तन का भी सफल आयोजन हुआ था। समय-समय पर कन्हैया मित्तल, विक्की गर्ग और संजय कोहली जैसे प्रसिद्ध भजन गायकों ने भी यहां अपनी प्रस्तुतियां दी हैं। बैठक में बलटाना मार्केट के प्रमुख दुकानदारों सहित मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया और अपनी-अपनी जिम्मेदारियां संभालीं। मंदिर कमेटी की ओर से सभी श्याम प्रेमियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनें।

## Happy Birthday



Ayaan Bedi

# भगवान परशुराम जयंती पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा

## मेयर इंदरजीत, विधायक पराशर, बग्गा, भोला, डिप्टी मेयर राकेश सहित कई नेता हुए शोभायात्रा में शामिल

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 18 अप्रैल। भगवान परशुराम जी के अवतार दिवस के उपलक्ष्य में 13वीं विशाल शोभा यात्रा बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यह शोभा यात्रा ब्राह्मण कल्याण बोर्ड (पंजाब सरकार) के चेयरमैन पंकज शारदा की अध्यक्षता में स्थानीय दरेसी मैदान से शुरू हुई। शोभायात्रा का आयोजन भगवान परशुराम सेवक संघ और सर्व ब्राह्मण परिषद के विशेष सहयोग से किया गया।

शोभा यात्रा में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक अशोक पराशर पप्पी, विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, विधायक दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल, मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु, पंजाब भाजपा के खजांची गुरदेव शर्मा देबी, जिला भाजपा अध्यक्ष रजनीश धीमान, भाजपा नेता विपन विनायक, समाज सेवक डिंपल राणा, समाज सेवक पवन ठाकुर पम्मी, दीपांकर शर्मा, महंत दिनेश पुरी, बाबा मीना शाह, एडवोकेट परोपकार सिंह घुम्मन, पंकज सूद, राजकुमार शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

दरेसी मैदान से शुरू हुई इस शोभायात्रा का जगह जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।



शोभा यात्रा के दौरान भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनमें भगवान परशुराम के जीवन और उनके पराक्रम को दशार्या गया।

भक्तों ने भजन-कीर्तन करते हुए पूरे मार्ग में श्रद्धा का वातावरण बनाया। जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। इस मौके पर विधायक मदन लाल बग्गा, अशोक पराशर पप्पी, दलजीत भोला ग्रेवाल, मेयर इंद्रजीत कौर और पंकज शारदा ने संयुक्त रूप से कहा कि भगवान परशुराम त्याग, साहस और धर्म की रक्षा के प्रतीक हैं। उनके जीवन से हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने और समाज में सत्य व न्याय की स्थापना के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### जागरूकता से आई स्वास्थ्य क्रांति।

पिछले कुछ वर्षों में लोगों की खान-पान की आदतों में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। जहां पहले आधुनिकता के नाम पर जंक फूड, ज्यादा चीनी और पैकेज्ड पेय पदार्थों का चलन बढ़ गया था, वहीं अब लोग धीरे-धीरे अपनी सेहत को लेकर जागरूक हो रहे हैं। अब लोग मिलेट्स (ज्वार, बाजरा, रागी) जैसे पारंपरिक अनाजों को अपनी थाली में शामिल कर रहे हैं, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इतना ही नहीं, कई लोग अपने घरों में ही सब्जियां उगाने लगे हैं, जिससे उन्हें ताजी और बिना केमिकल वाली खाद्य सामग्री मिल सके। चीनी की जगह शक्कर या गुड़ का उपयोग बढ़ रहा है, क्योंकि लोग समझ चुके हैं कि रिफाइंड शुगर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। वहीं कोल्ड ड्रिंक की जगह नारियल पानी जैसे प्राकृतिक पेय को अपनाया जा रहा है, जो शरीर को ताजगी और पोषण देता है।

दरअसल, बीते समय में गलत खान-पान और अनियमित जीवनशैली के कारण लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ा। हमने अपनों को भयंकर बीमारियों से ग्रसित होकर मरते देखा है। सोशल मीडिया की ताकत ऐसी बनी कि स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियों ने लोगों को सेहत के प्रति सजग कर दीया है। इसने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि उनकी खराब सेहत का मुख्य कारण उनका भोजन ही है। यही समझ अब एक स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली की ओर कदम बढ़ाने का कारण बन रही है।

# शुक्राना समागम: मेयर के कैंप कार्यालय में सुखमनी साहिब का पाठ आयोजित

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Court में खुद party-in-person बन सकते हैं या नहीं?**

कानून हर व्यक्ति को यह अधिकार देता है कि वह अपना केस स्वयं अदालत में प्रस्तुत कर सके, जिसे party-in-person कहा जाता है।



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

इसका मतलब है कि व्यक्ति बिना वकील के भी अपनी बात अदालत के सामने रख सकता है। कई मामलों में लोग ऐसा करते भी हैं। लेकिन यह समझना जरूरी है कि अदालत की प्रक्रिया, कानून और तकनीकी पहलू जटिल होते हैं। बिना उचित ज्ञान के केस संभालना कठिन हो सकता है।

कुछ सरल मामलों में यह संभव हो सकता है, लेकिन जटिल मामलों में विशेषज्ञ वकील की सहायता लेना अधिक सुरक्षित और प्रभावी होता है। कई बार लोग खर्च बचाने के लिए खुद केस लड़ते हैं, लेकिन प्रक्रिया की जानकारी न होने के कारण नुकसान उठाते हैं।

निष्कर्ष : party-in-person बनना एक कानूनी अधिकार है, लेकिन हर केस में यह व्यावहारिक नहीं होता। स्थिति के अनुसार सही निर्णय लेना ही उचित है।

लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। शनिवार को रोज गार्डन के पास मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर के कैंप कार्यालय में शुक्राना समागम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां, विधायक रजिंदर पाल कौर छीना, विधायक मदन लाल बग्गा, विधायक अशोक पराशर पप्पी, विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, विधायक दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल, कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के प्रतिनिधि, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर सहित अन्य नेताओं ने धार्मिक समागम में भाग लिया। नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता, संयुक्त कमिश्नर



विनीत कुमार समेत नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी आशीर्वाद लिया। विभिन्न धार्मिक नेताओं माता विपनप्रीत कौर और मां बगलामुखी धाम से प्रवीण चौधरी सहित अन्य ने भी इस समागम में शिरकत की। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के काउंसलरों ने, जिनमें पूर्व मेयर हरचरण सिंह गोहलवड़िया भी शामिल थे, पार्टी लाइन से ऊपर उठकर इस धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर ने कहा कि इस शुक्राना समागम का आयोजन पारदर्शिता और कुशलता के साथ जनता की सेवा जारी रखने के लिए परमात्मा का आशीर्वाद लेने हेतु किया गया।

## श्री दंडी स्वामी मंदिर में अक्षय तृतीया एवं मूर्ति प्रतिष्ठा दिवस आज




लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। श्री सिद्ध पीठ श्री दण्डी स्वामी मंदिर में आज अक्षय तृतीया एवं मूर्ति प्रतिष्ठा दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में आज सुबह 9 बजे से ही धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो जाएंगे। इस अवसर पर पद्मासन मुद्रा में विराजमान लक्ष्मी-नारायण जी और शिव-परिवार का विशेष पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज जी की आज्ञा के साथ होगा, जिसके बाद आचार्य सोहन वेदपाठी जी के सानिध्य में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा संपन्न कराई जाएगी।यह उत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी प. राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बेहद धूमधाम से मनाया जा रहा है। गौरतलब है कि इसी पवित्र दिन पर सिद्धपीठ में लक्ष्मी-नारायण और शिव-परिवार की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। उसी गौरवमयी दिन की स्मृति में हर साल प्रतिष्ठा दिवस का आयोजन एक परंपरा बन चुका है प्रतिष्ठा दिवस के उपलक्ष्य में मंदिर को फूलों से सजाया गया है। मंदिर सेवकों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि वे सुगमता से दर्शन कर सकें। पूजन के पश्चात मंदिर में आरती और भंडारे वितरण का कार्यक्रम भी होगा।

Uturn Time 19 Apr 2026_Layout 2 18-04-2026 23:45 Page 7



# खन्ना की एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया की अनोखी पहल

## शिकायत बॉक्स से बढ़ी लोगों की उम्मीद– गुप्त शिकायत और सुझाव देने की सुविधा

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। आम लोगों और पुलिस के बीच भरोसा मजबूत करने के लिए खन्ना की एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने एक सराहनीय और अनोखी पहल की है। उन्होंने अपने कार्यालय के बाहर एक शिकायत बॉक्स लगाया है, जिसमें कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत या सूचना गुप्त रूप से डाल सकता है।

### बॉक्स को खोलती हैं खुद एसएसपी

इस पहल का सबसे खास पहलू यह है कि इस बॉक्स को खुद एसएसपी ही खोलती हैं, ताकि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय बनी रहे और उनका विश्वास भी कायम रहे। बाक्स में शिकायत या सुझाव देने वाले नागरिक को यह बात सुनिश्चित रहे कि उनका पत्र सीधे एसएसपी के हाथों में गया है। कई बार लोग डर या संकोच के कारण पुलिस के पास खुलकर शिकायत नहीं कर पाते। खासकर नशा, अपराध या दबाव से जुड़े मामलों में लोग सामने आने से हिचकिचाते हैं। ऐसे में यह शिकायत बॉक्स उन लोगों के लिए एक सुरक्षित माध्यम बनकर सामने आया है, जहां वे बिना नाम बताए भी अपनी बात प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं।



### सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने की इस कदम की सराहना

इस पहल के बाद लोगों में एक सकारात्मक संदेश गया है कि उनकी आवाज एसएसपी तक सीधे पहुंचेगी और उनकी पहचान सुरक्षित रहेगी। कई सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने इस कदम की सराहना की है। उनका मानना है कि इससे अपराधों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी और लोग बिना डर के गलत गतिविधियों की जानकारी दे सकेंगे। एसएसपी डा. दर्पण आहलूवालिया द्वारा खुद शिकायत बॉक्स खोलने का निर्णय इस पहल को और भी भरोसेमंद बनाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि शिकायत किसी भी स्तर पर लीक न हो और सीधे उनके तक पहुंचे। इससे लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है

### हर व्यक्ति की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है: एसएसपी

एसएसपी ने कहा कि यह पहल तभी सफल होगी जब लोग इसका सही उपयोग करें। अगर किसी के पास किसी अपराध, नशा तस्करी, अवैध गतिविधि या किसी अन्य समस्या से जुड़ी जानकारी है, तो उसे बिना डर के इस बॉक्स में डालना चाहिए। समाज की भलाई के लिए हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वह गलत कामों के खिलाफ आवाज उठाए। अगर पुलिस विभाग में कहीं सुधार की जरूरत है तो उस बारे में भी सुझाव दिए जाएं। अच्छे सुझावों पर जरूर विचार होगा। एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया की यह पहल न सिर्फ पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाती है, बल्कि समाज को भी जागरूक करती है। यह संदेश देती है कि प्रशासन लोगों के साथ खड़ा है और हर व्यक्ति की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

# किटी पार्टी की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का पदार्फाश, 3 युवतियां मिलीं, 5 व्यक्ति गिरफ्तार

बठिंडा/यूटर्न/18 अप्रैल। बठिंडा शहर में होटल बाहिया फोर्ट में किटी पार्टी की आड़ में सेक्स रैकेट चल रहा था। पुलिस ने छापामार कर 3 लड़कियों को रेस्क्यू किया है। वहीं मौके से 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। होटल से शराब भी बरामद की है। पुलिस ने कहा कि आर्केस्ट्रा की लड़कियों से यहां पर वेश्यावृत्ति का काम कराया जा रहा था। जिसकी शिकायतें मिलने पर रेड की। फिलहाल मुख्य आरोपी अब भी फरार है, जिसे पकड़ने के लिए छापेमारी कर रहे हैं। कोतवाली पुलिस स्टेशन के एसएचओ परविंदर सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल 2026 को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, होटल 'बाहिया फोर्ट' की दूसरी मंजिल पर मालिक बलजिंदर सिंह उर्फ बिल्ला, आर्केस्ट्रा और 'डॉसन बार' की लड़कियों का इस्तेमाल वेश्यावृत्ति करवा रहा था।



### *पुलिस ने मौके से 3 लड़कियों को बचाया*

*एसएचओ ने कहा कि पुलिस ने मौके से 3 लड़कियों को बचाया, जिन्हें बाद में उनके माता-पिता को सौंप दिया गया। होटल से शराब भी बरामद की गई है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। मामले के मुख्य आरोपी बलजिंदर सिंह उर्फ बिल्ला, हैप्पी और विक्की फिलहाल फरार हैं। पुलिस की अलग-अलग टीमें उनकी गिरफ्तारी के लिए काम कर रही है।*

### बिना लाइसेंस के मिल रहा था शराब

उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के कमरों में शराब भी परोसी जा रही थी। इस सूचना के आधार पर, बलजिंदर सिंह उर्फ बिल्ला, हैप्पी और विक्की के खिलाफ कोतवाली बठिंडा में मामला दर्ज किया गया। छापे के दौरान प्रदीप कुमार (निवासी मॉडल टाउन बठिंडा), विकास सिंगला (निवासी बल्ला राम नगर बठिंडा), पवन कुमार (निवासी रामा मंडी), महेश कुमार (निवासी अजमेर रो थिकारिया जयपुर), और मुकेश गुप्ता (निवासी आगरा) को होटल से गिरफ्तार किया गया।

## जीरकपुर में सजा ग्लैमर का मंच: मिस एंड मिसेज ग्लैमर क्वीन 2026 में चमकी प्रतिभाएं, खुशी राजपूत और डॉ. दीपिका चलिका बनीं विजेता

अजीत झा

जीरकपुर/यूटर्न/18 अप्रैल। जीरकपुर के एक निजी होटल में शनिवार को ग्लैमर, फैशन और प्रतिभा का शानदार संगम देखने को मिला, जब एमएस इंटरप्राइजेज की ओर से मिस एंड मिसेज ग्लैमर क्वीन 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए युवक-युवतियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम ने न केवल युवाओं को अपनी पहचान बनाने का मंच दिया, बल्कि दर्शकों के लिए भी मनोरंजन और उत्साह से भरपूर यादगार शाम साबित हुआ। आयोजन स्थल पर शुरू से अंत तक ऊर्जा, उत्साह और आकर्षण का माहौल बना रहा।

**प्रतिभागियों ने जीता दिल...**प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने रैंप वॉक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, टैलेंट राउंड और विभिन्न एक्टिविटी के जरिए अपनी कला और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन किया। हर प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# पंजाब पुलिस ने बोनट पर लेटाकर युवक को थप्पड़ मारे, अधिकारी बोले- मुलाजिमों को कुचलने की कोशिश की

मोहाली/यूटर्न/18 अप्रैल। मोहाली के खरड़ में नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक कार को रोकने का इशारा किया, लेकिन कार सवार युवक ने गाड़ी रोकने के बजाय भागने की कोशिश की। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने की भी कोशिश की। हालांकि पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए और किसी को चोट नहीं आई। इसके बाद पुलिस ने कार का पीछा शुरू किया। करीब डेढ़ किलोमीटर आगे जाकर पुलिस ने कार सवार को घेर लिया और दबोच लिया। इसके बाद पुलिस उसे पकड़कर ले जाने लगी तो धक्का-मुक्की हो गई। जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने युवक को उसकी कार के बोनट पर लेकर पीट दिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। फिलहाल पुलिस आरोपी को थाने ले गई है और मामले में केस दर्ज करने की कार्रवाई जारी है।



### वीडियो में मुलाजिम पीटते आए नजर

वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस ने कार सवार युवक को रोकने के बाद काबू में लिया। इस दौरान पुलिसकर्मी उसे पकड़कर आगे ले जाते नजर आते हैं। मौके पर कुछ देर धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी बनती दिख रही है। आगे वीडियो में युवक खुद को छुड़ाने की कोशिश करता नजर आता है, जबकि पुलिसकर्मी उसे पकड़कर नियंत्रण में लेते दिख रहे हैं। आसपास कुछ लोग खड़े होकर पूरी घटना देखते नजर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस युवक को अपने साथ ले जाती दिख रही है। पूरी घटना के दौरान मौके पर हलचल और तनाव का माहौल नजर आता है।

# तीन दिवसीय 15वां विशाल चाला बाबा जी की गुफा के लिए हुआ रवाना




लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। सिद्ध योगी बाबा पौनाहारी सेवक संघ की ओर से भगत संजीव कुमार महाराज जी की अध्यक्षता में तीन दिवसीय 15 वा विशाल चाला दीप नगर झंडू चौक से रवाना हुआ। इस बाबा यात्रा को आप नेता राजेश शर्मा मिंटू, निशांत सूद मन्नू और बाबा जी के परम सेवक सतिंदर वर्मा बॉबी ने बस को झंडी देकर रवाना किया। इस यात्रा का शुभारंभ सभी सेवादारों की ओर से बाबा जी के झंडों का पूजन और बाबा जी का चालीसा पढ़ कर किया गया। इस मौके सभी सेवादारों की ओर से आए हुए सभी मुख्य मेहमानों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सिद्ध योगी बाबा पौनाहारी सेवक संघ के सेवादार गौरव स्याल, नरेंद्र आनंद, गगन नागपाल, गीतांश चावला, गीतिक गुगलानी, हिमांशु शर्मा, संजीव धवन, राजीव वर्मा, विजय वर्मा, पंडित चिंटू शास्त्री, नीरज गुप्ता, युवराज वर्मा, राजन अरोड़ा, मितेश सराफ, लवली नारंग, दिविज जैन, कणव जैन, करण नारंग, जश्न नारंग, राहुल कुमार, भरत कुमार, हरजिंदर सिंह, सोनी वालिया और गुलशन बावा आदि उपस्थित थे।

Uturn Time 19 Apr 2026_Layout 2  18-04-2026  23:45  Page 8



# २0 लाख बैरल तेल ले जा रहे भारतीय टैंकर पर ईरान की नौसेना ने गोलीबारी की

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। 20 लाख बैरल तेल ले जा रहे भारतीय टैंकर पर ईरान की नौसेना द्वारा गोलीबारी करने की चर्चाएं सामने आई है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि शनिवार को ओमान के उत्तर में ईरान की नौसेना ने एक बड़े भारतीय कच्चे तेल के टैंकर पर गोलीबारी की। इस टैंकर में लगभग 20 लाख बैरल इराकी तेल लदा था। यह घटना उन रिपोर्टों के कुछ ही देर बाद हुई, जिनमें कहा गया था कि दो भारतीय जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से वापस लौटने के लिए मजबूर किया गया था। इस घटना में दो जहाज जग अर्णव और सनमार हेराल्ड शामिल थे, जिनमें से केवल एक पर सीधा हमला हुआ। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, जग अर्णव पर गोलीबारी की गई, जिससे इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं; जबकि सनमार हेराल्ड, जो पास में ही था, उसे निशाना नहीं बनाया गया और वह सुरक्षित रहा।



## भारतीय नौसेना जांच में जुटी

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना इस घटना का विवरण पता लगाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य में इस समय भारतीय नौसेना का कोई जहाज मौजूद नहीं है। ओमान की खाड़ी में भारत के दो विध्वंसक, एक फ्रिगेट और एक टैंकर तैनात हैं। अधिकारियों ने कहा कि भारत, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स द्वारा की गई इस गोलीबारी को गंभीरता से ले रहा है और देश होर्मुज जलडमरूमध्य में खुले और स्वतंत्र नौवहन का समर्थन करता है। उन्होंने बताया कि जिस टैंकर पर गोलीबारी हुई, उसके ठीक बगल में एक और भारतीय कच्चे तेल का टैंकर भी था, लेकिन वह इस घटना में शामिल नहीं हुआ।

## होर्मुज जलडमरूमध्य सबसे महत्वपूर्ण गलियारों में से एक

ईरान और ओमान के बीच स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल पारगमन गलियारों में से एक है, जिससे वैश्विक कच्चे तेल की खेप का 20% हिस्सा गुजरता है। भारत उन देशों में से एक है जिनके सबसे अधिक जहाज इस जलडमरूमध्य से गुजरते हैं; यह इस बात को दर्शाता है कि भारत ऊर्जा आयात के लिए खाड़ी क्षेत्र पर कितना निर्भर है। अमेरिका के साथ चल रहे तनाव के बीच, ईरान ने भारत को उन मित्र देशों की सूची में शामिल किया है जिनके जहाजों को वह इस महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे रहा है, जबकि अन्य देशों के जहाजों को ड्रोन और मिसाइल हमलों की धमकियां देकर रोक रखा है।

## ईरान ने जलडमरूमध्य को अस्थायी रूप से खोलने की घोषणा की

ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब ईरान ने शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को अस्थायी रूप से फिर से खोलने की घोषणा की। यह घोषणा गुरुवार को इजरायल और लेबनान के बीच अमेरिका की मध्यस्थता से हुए 10-दिवसीय संघर्ष विराम समझौते के बाद की गई थी। समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने वाली एजेंसियों ने आठ टैंकरों के एक काफिले को इस जलडमरूमध्य से गुजरते हुए दिखाया। यह सात सप्ताह पहले ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल के तनाव शुरू होने के बाद से जहाजों की पहली बड़ी आवाजाही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ईरान ने जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमति जता दी है; वहीं, ईरानी अधिकारियों ने कहा कि वे चाहते हैं कि अमेरिका ईरानी टैंकरों पर लगाई गई अपनी नाकेबंदी को पूरी तरह से हटा ले।

# सुखी: ट्रंप का दावा, ईरान सुन नहीं रहा, यहाँ तक कि होर्मुज जलडमरूमध्य भी नहीं सुन रहा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के अपने कुछ समय के फैसले से कदम पीछे खींच लिए हैं। उसने चेतावनी दी है कि जब तक अमेरिका ईरानी बंदरगाहों पर अपनी नाकेबंदी जारी रखेगा, तब तक वह इस अहम रास्ते से आवाजाही को रोकता रहेगा। यह घोषणा तेहरान द्वारा व्यापारिक जहाजों को गुजरने की अनुमति देने के एक दिन बाद हुई, जिससे तनाव कम होने की उम्मीद जगी थी। हालाँकि, ट्रंप के यह ऐलान करने के बाद ये उम्मीदें जल्द ही टूट गईं कि अमेरिका की नाकेबंदी पूरी ताकत से जारी रहेगी। जब तक कि ईरान एक व्यापक समझौते के लिए राजी नहीं हो जाता खासकर अपने परमाणु कार्यक्रम के संबंध में। गौरतलब है कि जहाँ वाशिंगटन बातचीत और दबाव बनाने की रणनीतियों के बारे में सार्वजनिक रूप से मुखर रहा है, वहीं तेहरान ने सामने रखे गए प्रस्तावों पर सीधे तौर पर बहुत कम टिप्पणी की है; इसके बजाय उसने समुद्री आवाजाही को सीमित करने जैसे कार्यों के जरिए जवाब दिया है। इस विरोधाभास ने इस धारणा को और मजबूत किया है कि अमेरिका ही पूरी कहानी को दिशा दे रहा है, जबकि ईरान जमीनी स्तर पर अधिक रणनीतिक रूप से अपनी स्थिति का संकेत दे रहा है।



## पाँचवाँ हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता

दाँव पर बहुत कुछ लगा है। दुनिया की लगभग पाँचवाँ हिस्सा तेल की आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है, जिससे इसमें कोई भी रुकावट पहले से ही दबाव झेल रहे ऊर्जा बाजारों के लिए सीधा खतरा बन जाती है। विश्लेषकों की चेतावनी है कि लंबे समय तक जारी रहने वाली पाबंदियाँ वैश्विक तेल की कीमतों में एक और उछाल ला सकती हैं। समुद्री मोर्चे पर यह गतिरोध, इजरायल और लेबनान में ईरान समर्थित हिज्बुल्ला समूह के बीच 10 दिन के एक नाजुक संघर्ष-विराम के बीच सामने आया है, जो अब तक कायम दिख रहा है। समुद्र में तनाव बढ़ने के बावजूद, पाकिस्तान के अधिकारियों का मानना है कि वाशिंगटन और तेहरान 22 अप्रैल की संघर्ष-विराम की समय-सीमा से पहले एक संभावित समझौते की ओर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं।

## पहले ही भारी नुकसान हो चुका

इस व्यापक संघर्ष ने पहले ही भारी जान-माल का नुकसान किया है। ईरान में कम से कम 3,000 लोग मारे गए हैं, लेबनान में लगभग 2,300, इजरायल में 23, और खाड़ी के अरब देशों में एक दर्जन से अधिक लोग मारे गए हैं। अमेरिका के तेरह सैनिक भी अपनी जान गँवा चुके हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य लंबे समय से दुनिया के सबसे संवेदनशील भू-राजनीतिक तनाव वाले क्षेत्रों में से एक रहा है, क्योंकि यह तेल की आवाजाही का एक अहम रास्ता है। अमेरिका और ईरान के बीच प्रतिबंधों, खाड़ी क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी और ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को लेकर बार-बार तनाव भड़कता रहा है।

# स्वच्छता के संदेश के साथ निकली स्वच्छ साइकिल रैली, चीफ इंजीनियर ने कई सेक्टरों में किया निरीक्षण

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। शहर को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में नगर निगम चंडीगढ़ ने शनिवार सुबह स्वच्छ साइकिल रैली का आयोजन किया। इस रैली में अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली सुबह 8 बजे सेक्टर-17 प्लाजा से शुरू हुई, जिसका नेतृत्व नगर निगम के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने किया। रैली सेक्टर-17, 18, 19, 27, 7 और 9 से होकर गुजरी। इसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता, साफ-सफाई और जनभागीदारी के प्रति जागरूक करना था।



## कई सेक्टरों में जमीनी निरीक्षण

रैली के साथ ही चीफ इंजीनियर ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। सेक्टर-17 में सार्वजनिक शौचालयों की देखरेख और सफाई चेकलिस्ट को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-18 और 18/19 में खराब लाइट प्वाइंट्स को दुरुस्त करने और रोड गली चैंबरों की मरम्मत के आदेश दिए गए। सभी सेक्टरों में बैक सर्विस लेन की रोजाना सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

## सेक्टर-19C में पार्किंग और ग्रीन बेल्ट पर फोकस

सेक्टर-19C में ग्रीन बेल्ट, ट्यूबवेल और पार्किंग क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। यहां पार्क के झूलों की मरम्मत, बिजली के खंभों की देखरेख, बेकार इलेक्ट्रिकल बॉक्स हटाने, कूड़े के उचित निस्तारण और पार्किंग बोर्डों की दोबारा पेंटिंग के निर्देश दिए गए। मॉडल पार्किंग विकसित करने के लिए सर्वे कराने को भी कहा गया।

## सेक्टर-27 और सेक्टर-7 में सौंदर्यीकरण

सेक्टर-27 के कम्युनिटी सेंटर में म्यूरल्स की दोबारा पेंटिंग और क्षतिग्रस्त साइन बोर्ड ठीक करने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-7 में एससीओ के पीछे से मलबा हटाने और क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी गई।

## पार्कों और जलभराव पर विशेष ध्यान

हाउस नंबर 1511 के सामने पार्क में वॉकिंग ट्रैक की मरम्मत, पेड़ों की छंटाई, कांटेदार तार लगाने, नए सार्वजनिक शौचालय के निर्माण और बंद पड़े फव्वारे को चालू करने के आदेश दिए गए। अधिकारियों को दो सप्ताह में एक्शन टेकन रिपोर्ट देने को कहा गया। वहीं सेक्टर-9 में हाउस नंबर 206 के सामने जलभराव की समस्या दूर करने, पेड़ों की छंटाई और ड्रेनेज चैनल की मरम्मत के निर्देश जारी किए गए।

## समयबद्ध कार्यों पर जोर

चीफ इंजीनियर ने सभी अधिकारियों को तय समय सीमा में कार्य पूरा करने, स्वच्छता के उच्च मानक बनाए रखने और निगरानी प्रणाली मजबूत करने के निर्देश दिए। नगर निगम ने कहा कि यह पहल स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य शहर की रैंकिंग सुधारने के साथ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाना है।

Uturn Time 19 Apr 2026_Layout 2 18-04-2026 23:45 Page 9



# डेराबस्सी में 'शिक्षा क्रांति 2.0' को रफ्तार, 4 स्कूलों में 45.93 लाख से आधुनिक लैब्स शुरू

## विधायक कुलजीत सिंह रंधावा बोले–अब छात्रों को मिलेगी प्रायोगिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



डेराबस्सी/यूटर्न/18 अप्रैल। पंजाब सरकार की 'शिक्षा क्रांति 2.0' पहल के तहत डेराबस्सी हलके में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने क्षेत्र के चार सरकारी स्कूलों में 45.93 लाख रुपये की लागत से तैयार आधुनिक लैब्स और एक नए कक्षा कक्ष का उद्घाटन किया।

गांव कारकोर के सरकारी हाई स्कूल में 11 लाख रुपये की लागत से बनी साइंस लैब और 9 लाख रुपये से तैयार आधुनिक कक्षा कक्ष का उद्घाटन कर उन्हें स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों को समर्पित किया गया। विधायक ने कहा कि इससे विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और प्रायोगिक ज्ञान को मजबूती मिलेगी। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिनकी सराहना की गई। इसी क्रम में गांव अमलाला के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल में 7.48 लाख रुपये की लागत से राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के तहत ब्यूटी एंड वेलनेस लैब शुरू की गई।

## पंजाब से चंडीगढ़ उपचार के लिए जाने वाले दें ध्यान



चंडीगढ़/ लुधियाना यूटर्न 18 अप्रैल (सहगल) । पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ ने घोषणा की है कि न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी (न्यूरोसर्जरी ट्रॉमा ओपीडी को छोड़कर) की बाह्य रोगी सेवाएं (ओपीडी) 20 अप्रैल 2026 से एडवांस्ड न्यूरोसाइंसेज सेंटर के लेवल-2 पर (एसबीआई बैंक और गोल मार्केट के पास) संचालित होंगी। इस परिवर्तन को सुगम बनाने के लिए ये सेवाएं 18 अप्रैल 2026 की दोपहर के बाद न्यू ओपीडी ब्लॉक से बंद कर दी जाएंगी। इस बदलाव को रोगी देखभाल और क्लिनिकल दक्षता को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए पीजीआईएमईआर के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने कहा, यह केवल स्थान परिवर्तन नहीं, बल्कि न्यूरोलॉजिकल देखभाल प्रदान करने के तरीके में एक परिवर्तनकारी कदम है।

## जंजीरों से बंधी मां को महिला आयोग ने छुड़ाया, पुलिस ने वृद्धाश्रम में शिफ्ट किया



अमृतसर/यूटर्न/18 अप्रैल। अमृतसर के ग्रीन एवेन्यू में जंजीरों से बांधी गई एक मां को शुक्रवार देर रात आखिरकार रिहा कर दिया गया।

महिला आयोग के दखल के बाद पुलिस ने कार्रवाई की ओर महिला को मिलकर भाई कन्हैया जी वृद्ध आश्रम में शिफ्ट किया गया। इस दौरान महिला के बेटे और बहु बहस करते रहे वहीं एनजीओ के फाउंडर एडवोकेट हरसिमरन महिला आयोग टीम ने कहा कि अगर इनकी बेटियां होती तो यह हालत न होते। अमृतसर के ग्रीन एवेन्यू, पुडा कॉलोनी में सड़क किनारे जंजीरों से बांधी गई एक महिला का मामला तब सामने आया जब जस्ट सेवा सोसाइटी के फाउंडर मेंबर एडवोकेट हरसिमरन सिंह को जानकारी मिली कि एक महिला को जंजीरों से बंधा गया है। और उसकी हालत बेहद खराब है। उसके बाद वो अपनी टीम के साथ पहुंचे। जहां महिला को बांधा गया था वहीं सामने उसके बेटा ओर बहु रहते हैं। एडवोकेट हरसिमरन ने महिला को वहां से छुड़ाया के उसे श्री गुरु नानक देव अस्पताल में भर्ती करवाया और उनके इलाज के सारे पैसे जमा करवाए। यह घटना तीन दिन पहले 14 अप्रैल को सामने आई थी।

# पाकिस्तान से अमृतसर आई 450 करोड़ की ड्रग्स, कार में रखकर सप्लाई करने जा रहे थे, 2 तस्कर गिरफ्तार



अमृतसर/यूटर्न/18 अप्रैल। अमृतसर में पुलिस ने 450 करोड़ रुपए की 64.62 किलोग्राम हेरोइन पकड़ी है। इसके साथ ही दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह हेरोइन पाकिस्तान से मंगवाई गई है, जिसे अब आगे सप्लाई करने के लिए कार में रखकर ले जा रहे थे। लेकिन पुलिस ने इससे पहले की पकड़ लिया है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क के तार विदेश में बैठे हैंडलर्स और पाकिस्तान के मूसा गैंग से भी जुड़े हुए हैं। यह गिरोह सीमा पार से ड्रग तस्करी कर पंजाब और अन्य राज्यों में सप्लाई करने का काम कर रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सरवन सिंह निवासी अवा गांव और शमशेर सिंह गांव इकतियारनगर के रूप में हुई है। दोनों को गांव माहल के पास से पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने उनका 5 दिन का रिमांड हासिल किया है।

### पाकिस्तान के तस्करों से जुड़ा कनेक्शन

पुलिस अधिकारी अमनदीप सिंह के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शमशेर सिंह शेरा और सर्वण सिंह गुज्जर के रूप में हुई है। दोनों आरोपी एक स्विफ्ट कार में हेरोइन की बड़ी खेप लेकर सप्लाई के लिए जा रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बाईपास के पास नाकाबंदी कर उन्हें काबू किया। तलाशी के दौरान कार की पिछली सीट से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह मॉड्यूल पाकिस्तान आधारित तस्करों से जुड़ा हुआ है और इसकी कड़ियां कुख्यात मूसा गैंग से भी जुड़ी हैं। फिलहाल पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान में जुटी है। अदालत ने दोनों आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

### हदों की लड़ाई में खूनी संघर्ष

## सीमांकन के बाद भड़के सत्ताधारी दल के लोग, सरपंच और साथी को लहूलुहान किया





-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/18/अप्रैल। गांव गोरसियां खान मोहम्मद के पास चल रही माइनिंग की खदान को लेकर चल रहा विवाद शनिवार को खूनी झड़प में बदल गया। प्रशासन द्वारा की गई हदबंदी (सीमांकन) के बाद सत्ताधारी पक्ष के लोगों ने गांव के सरपंच और उनके साथी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में सरपंच का साथी गुरदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हुआ है। हैरान करने वाली बात यह है कि माइनिंग विभाग ने पहले ही विवाद की आशंका जताते हुए पुलिस की मांग की थी, लेकिन पुलिस न पहुंचने के कारण यह वारदात हो गई।

### विवाद की जड़: लुधियाना बनाम जालंधर का सीमा विवाद

दो दिन पहले आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान और पनग्रेन के चेयरमैन डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने पुलिस अधिकारियों के साथ गोरसियां खान मोहम्मद के पास चल रही एक खदान पर छापेमारी की थी। उन्होंने दावा किया था कि जालंधर के गांव उमरोवाल बघेला के नाम पर चल रही यह खदान असल में लुधियाना के गांव गोरसियां खान मोहम्मद के रकबे में अवैध रूप से चल रही है, जिससे गांव की सड़कों को नुकसान हो रहा है। हालांकि, ठेकेदार कंपनी 'राजिंद्रा' और माइनिंग विभाग ने इसे सही ठहराया था।

### जैसे ही सच आया सामने, भड़क गई हिंसा

विवाद सुलझाने के लिए शनिवार को एडीसी जगराओं के निर्देश पर तहसीलदार रेशम सिंह, माइनिंग विभाग के जेई और पटवारी की टीम मौके पर पहुंची। जब पैमाइश और हदबंदी पूरी हुई, तो यह साफ हो गया कि माइनिंग वाली जगह जालंधर के गांव उमरोवाल बघेला के दायरे में ही आती है। अधिकारियों का फैसला सुनते ही सत्ताधारी दल से जुड़े लोग तैश में आ गए। अधिकारियों की मौजूदगी में ही धक्का-मुक्की शुरू हो गई। जैसे ही अधिकारी और कर्मचारी मौके से बाहर निकले, हमलावरों ने सरपंच जगदेव सिंह और उनके साथी गुरदीप सिंह पर हमला कर दिया। गुरदीप सिंह पर किसी घातक हथियार से वार किया गया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

**क्या कहा खनन विभाग के अधिकारियों ने:**-हमने थाना सिद्धवां बेट को फोन करके पहले ही पुलिस फोर्स भेजने की मांग की थी। अगर मौके पर पुलिस मौजूद होती, तो यह घटना नहीं होती।

### आंदोलन की चेतावनी

घटना के बाद देहाती मजदूर सभा के जिला प्रधान कॉमरेड बलजीत सिंह ने सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर दोषियों के खिलाफ तुरंत मामला दर्ज नहीं किया गया, तो बड़ा धरना दिया जाएगा। तहसीलदार रेशम सिंह ने भी इस घटना पर हैरानी जताई है और मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी है।

**अधिकारियों की पुष्टि:** पैमाइश में खदान सही जगह पाई गई।

**सत्ता का रसूख:** फैसला पक्ष में न आने पर भड़की हिंसा।

**पुलिस की गैरमौजूदगी:** सूचना के बावजूद सुरक्षा न मिलना बड़ी चूक।

Uturn Time 19 Apr 2026_Layout 2 18-04-2026 23:45 Page 10



# रामदरबार में ड्रग नेटवर्क पर मौलीजागरां थाना पुलिस की दबिश, सप्लायर फरार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। शहर में नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत पुलिस ने रामदरबार फेज-2 स्थित एक संदिग्ध ड्रग सप्लायर के घर छापा मारकर बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। हालांकि मुख्य आरोपी रवि उर्फ भूरा पुलिस कार्रवाई से पहले ही अपनी पत्नी समेत फरार हो गया। पुलिस को शक है कि रेड की भनक पहले ही आरोपी तक पहुंच गई थी।





## मौलीजागरां थाना और सेक्टर-31 थाना का जॉइंट ऑपरेशन

इस कार्रवाई को चंडीगढ़ पुलिस के मौलीजागरां थाना और सेक्टर-31 थाना की टीम ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। ऑपरेशन की अगुवाई इंस्पेक्टर जसकरण सिंह और इंस्पेक्टर हरिओम शर्मा ने की। कोर्ट से सर्च वारंट लेने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे घर की गहन तलाशी ली। कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी करवाई गई, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगा।

## पूरे नेटवर्क पर पुलिस की नजर

मौलीजागरां थाना प्रभारी जसकरण सिंह ने कहा कि यह कार्रवाई सिर्फ एक आरोपी तक सीमित नहीं रहेगी। फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। साथ ही यह भी जांच हो रही है कि वह नशा कहां से लाता था और किन-किन इलाकों में सप्लाई करता था। उन्होंने नशा तस्करों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि या तो नशा छोड़ दें या फिर इलाका छोड़ दें।

## हेरोइन केस से जुड़ा बड़ा खुलासा

मामले की कड़ी तब जुड़ी जब पुलिस ने पहले हल्लोमाजरा निवासी विपिन उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 16.41 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। पुलिस को देखकर आरोपी ने अपनी पैंट से एक पॉलीथिन फेंक दी और भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उसे मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विपिन रामदरबार निवासी रवि उर्फ भूरा से हेरोइन लेकर आता था। अदालत से रिमांड मिलने के बाद हुई पूछताछ में यह खुलासा हुआ।

## लत लगाकर बनाया सप्लायर

जांच में पुलिस को यह भी पता चला कि रवि उर्फ भूरा ने पहले विपिन को नशे का आदी बनाया और बाद में उसे ड्रग सप्लाई के काम में लगा दिया। इस तरह उसने इलाके में अपनी सप्लाई चेन तैयार कर रखी थी।

# चंडीगढ़ के डीजीपी ने किया सेंसस 2027 का ऑनलाइन सेल्फ-एन्यूमरेशन, जनता से भी भागीदारी की अपील







चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। जनगणना 2027 में जनभागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डॉ. सागर प्रीत हुड्डा, डीजीपी यूटी चंडीगढ़ ने आज ऑनलाइन जनगणना पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक अपना सेल्फ-एन्यूमरेशन पूरा किया। इस प्रक्रिया में डॉ. नवजोत खोसा, निदेशक, जनगणना संचालन निदेशालय यूटी चंडीगढ़ और खुशप्रीत कौर ने सहयोग किया। डीजीपी सागर प्रीत हूडा ने कहा कि सेल्फ-एन्यूमरेशन प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और बेहद सुलभ है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को केंद्र में रखकर शुरू की गई ऐसी पहलें न केवल जनगणना प्रक्रिया को आसान बनाती हैं, बल्कि आंकड़ों की सटीकता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों और आम जनता से अपील की कि वे सेंसस 2027 में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सेल्फ-एन्यूमरेशन सुविधा का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सही और समय पर दी गई जानकारी प्रभावी नीतियां बनाने, संसाधनों के बेहतर वितरण और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है। सेंसस 2027 की यह सुविधा लोगों को घर बैठे अपनी जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने का अवसर देती है। इससे शारीरिक संपर्क की आवश्यकता कम होगी और डेटा संग्रहण अधिक प्रभावी, व्यापक और भरोसेमंद बनेगा। प्रशासन ने सभी निवासियों से इस सुविधा का लाभ उठाकर सेंसस 2027 को सफल बनाने में योगदान देने की अपील की है।

# महिला अधिकारों के साथ छलावा कर रही केंद्र सरकार: राजबीर सिंह भारतीय

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय ने लोकसभा में पेश महिला आरक्षण बिल (संविधान 131वां संशोधन विधेयक, 2026) को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा केवल चुनावी जुमला बनकर रह गया है। राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि जब वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल पहले ही पास हो चुका था, तो इसे मौजूदा 543 सीटों पर तुरंत लागू क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने जानबूझकर आरक्षण को परिसीमन और सीटों की संख्या बढ़ाने की प्रक्रिया से जोड़ दिया, ताकि इसे अनिश्चितकाल तक टाला जा सके।



उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हिंदी भाषी क्षेत्रों में सीटें बढ़ाकर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, जबकि दक्षिण भारतीय राज्यों के प्रतिनिधित्व के साथ अन्याय किया जा रहा है। सरकार के महिला हितैषी होने के दावों पर सवाल उठाते हुए भारतीय ने कहा कि मौजूदा शासनकाल में महिलाओं के खिलाफ कई गंभीर घटनाएं हुईं, जिनसे सरकार की मंशा उजागर होती है। उन्होंने मणिपुर हिंसा, हाथरस कांड, कठुआ मामला और उन्नाव मामला का उल्लेख करते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में गंभीर है, तो बिना किसी परिसीमन या जनगणना का बहाना बनाए मौजूदा सीटों पर तत्काल प्रभाव से महिला आरक्षण लागू किया जाए।

# धनास लेक के पास हथियार सहित कुख्यात युवक गिरफ्तार, लूट की साजिश नाकाम

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अप्रैल। शहर में अपराध और असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने धनास लेक क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 32 बोर की पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि समय रहते गिरफ्तारी कर संभावित लूट की वारदात को टाल दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रेम गुप्ता उर्फ गंजा निवासी डड्डूमाजरा कॉलोनी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी संदिग्ध परिस्थितियों में इलाके में घूम रहा था और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

## गश्त के दौरान पुलिस को मिली सफलता

सूत्रों के अनुसार पुलिस टीम इलाके में नियमित गश्त कर रही थी। इसी दौरान धनास लेक के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से अवैध पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुए। मौके पर ही आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास पहले से लंबा रहा है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, चोरी और एनडीपीएस एक्ट के तहत करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। आरोपी नशे का आदी भी बताया जा रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी को अदालत पहले ही भगोड़ा घोषित कर चुकी थी। इसके बावजूद वह शहर में सक्रिय था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी हथियार कहां से लाया था, उसका नेटवर्क किन लोगों से जुड़ा है और वह किस वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है।

इस कार्रवाई को शहर में अपराधियों के लिए सख्त चेतावनी माना जा रहा है। पुलिस ने साफ किया है कि अवैध हथियार रखने वालों और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# बठिंडा पुलिस का बड़ा अभियान: CEIR पोर्टल से हजारों मोबाइल बरामद





बठिंडा/यूटर्न/18 अप्रैल। Bathinda Police ने CEIR (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल की मदद से जनता के खोए हुए मोबाइल फोन रिकवर करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। SSP Dr. Jyoti Yadav के नेतृत्व और गाइडेंस में, पुलिस टीम ने आधुनिक तकनीक और पारंपरिक जांच तरीकों का उपयोग करते हुए वर्ष 2023 से 2026 तक कुल 1579 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंपे हैं।



सिर्फ मौजूदा अभियान के दौरान ही 224 मोबाइल फोन, जिनकी कुल कीमत लगभग 32.15 लाख रुपये है, रिकवर किए गए। इससे पहले वर्ष 2025 में 1013 मोबाइल फोन बरामद किए गए थे, जिनकी कीमत करीब 1.33 करोड़ रुपये थी। जनवरी 2026 से अब तक भी 224 मोबाइल फोन खोजे जा चुके हैं, जो इस अभियान की लगातार सफलता को दर्शाता है।

SP Jagdish KumÔr के मार्गदर्शन में सांझ स्टाफ की संयुक्त टीम ने यह अभियान चलाया। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने खोए हुए मोबाइल की जानकारी तुरंत CEIR पोर्टल पर दर्ज करवाएं, ताकि समय रहते उन्हें रिकवर किया जा सके। बठिंडा पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान से राहत मिल सके।

# लड़की ने दोस्त के साथ मिलकर शोरूम से 2.13 लाख कैश चुराया, सीसीटीवी में कैद

पंजाब/यूटर्न/18 अप्रैल। फाजिल्का जिले के अबोहर की गली नंबर 11-12 स्थित डीके शूज शोरूम में लाखों रुपए कैश चोरी का मामला सामने आया है। दुकान में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया और कैश लेकर फरार हो गई। घटना का खुलासा तब हुआ जब दुकान मालिक ने सुबह सीसीटीवी फुटेज की जांच की। नई आबादी छोटी पौड़ी निवासी दुकान मालिक राजेश कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनकी दुकान पर 6-7 कर्मचारी काम करते हैं। इनमें



से प्रियंका नामक युवती पिछले करीब 8 महीनों से काम कर रही थी। राजेश कुमार के अनुसार, 11 अप्रैल की रात करीब सवा 9 बजे उन्होंने रोजाना की तरह गल्ले में रखा कैश को सुरक्षित लॉक किया और दुकान बंद करके घर चले गए। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर पता चला कि उसी रात प्रियंका ने चोरी की इस साजिश को अंजाम दिया।

**दूसरे गेट से दुकान के अंदर घुसी...** फुटेज के अनुसार, वह पहले दुकान से घर जाने का बहाना बनाकर निकली। कुछ देर बाद वह दूसरे गेट से चुपके से वापस दुकान के अंदर दाखिल हो गई। इसके बाद वह सीढ़ियों के जरिए दूसरी मंजिल पर जाकर छिप गई और मौका मिलने का इंतजार करने लगी। जब दुकान मालिक और अन्य कर्मचारी दुकान बंद कर चले गए, तो उसने गल्ले से 2 लाख 13 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद वह अपने एक सहयोगी अपने सहयोगी शंकर निवासी ठाकर आबादी गली नंबर-1 के साथ एक्टिवा पर सवार होकर फरार हो गए।

# पठानकोट-जम्मू रेल सेक्शन का डीआरएम ने किया निरीक्षण, अमरनाथ यात्रा से पहले यातायात सुचारू करने में जुटा रेलवे

पठानकोट/यूटर्न/18 अप्रैल। 3 जुलाई से शुरू होने जा रही श्री अमरनाथ यात्रा से पहले रेल यातायात को सुचारु करने के प्रयास तेज हो गए हैं। उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विवेक कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर रेलवे पुल संख्या 17 और पठानकोट-जम्मू रेल सेक्शन का निरीक्षण किया। बता दें, अगस्त 2025 में आई बाढ़ के चलते बन रहे पुल का कुछ हिस्सा खिसक गया था। जिससे रेल यातायात प्रभावित हो रहा था। डीआरएम ने अधिकारियों को निर्धारित समय में रिपेयर पूरी करने के निर्देश दिए।



## एक ट्रैक से चल रहा रेल यातायात

बता दें, पुल नंबर 17 का एक पिल्लर रावी दरिया में पिछले साल आई बाढ़ में खिसक गया था। इसके बाद से ही रेल यातायात एक ट्रैक से चल रहा है। रेलवे ने बताया कि इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य पुल पर चल रहे उन्नयन कार्यों की प्रगति का आकलन करना और परिचालन सुरक्षा सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने पुल की संरचनात्मक स्थिति और हाल ही में किए गए तकनीकी सुधारों का बारीकी से मूल्यांकन किया। उन्होंने मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता की जांच कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं।

# वार्ड 66 में हाई मस्ट लाइट का विधायक बग्गा ने किया उद्घाटन



लुधियाना/यूटर्न/18 अप्रैल। विधानसभा उतरी के वार्ड-66 में बलोकी रोड स्थित स्वर्ग आश्रम के नजदीक लगाई हाई मस्ट लाइट का उद्घाटन विधायक चौ. मदन लाल बग्गा ने किया। इस हाई मस्ट लाइट लगने से क्षेत्र में रात के समय रोशनी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होने से राहगीरों और स्थानीय निवासियों को काफी सुविधा मिलेगी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने से लूटपाट की घटनाओ पर नकेल कसने में मदद मिलेगी। विधायक मदन लाल बग्गा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे लगातार प्रौजक्ट शुरू हो रहे है। भविष्य में भी जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की सुविधाएं लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रवासियों ने इस पहल के लिए विधायक बग्गा का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महिला विंग की जिला प्रधान मनीषा कपूर, ब्लाक प्रधान नरिन्द्र मक्कड़, वार्ड सचिव सुनील शर्मा, गुरवीर सिंह गोलू बाजवा, प्रवीण भारद्वाज, मोहन लाल शर्मा, आशु, मनदीप सिंह मनी, जुगल किशोर गोयल, संदीप दीप, सावन धींगन, अनवर हुसैन, राहुल, बलजीत, बलबीर, पंडित रमन, विक्की, अरमान कपूर सहित अन्य स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे।

# रात के आसमान तले कियारा का ग्लैमरस अवतार, फैंस बोले-'स्टनिंग लुक'




ग्लैमरस अंदाज में नजर आ रही यह हसीना इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है। सिल्वर शिमरी ड्रेस और नाइट बैकग्राउंड में उनका यह स्टाइल फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। तस्वीर को लेकर चर्चा है कि यह किसी बड़े प्रोजेक्ट या ब्रांड शूट का हिस्सा हो सकता है। फैंस कयास लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस जल्द ही नए लुक में स्क्रीन पर धमाल मचाने वाली हैं। वहीं, उनके इस बोल्ड और एलिगेंट अवतार ने एक बार फिर इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है।




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372